प्रो0 के0 के0 सिंह, माननीय कुलपति जी द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर, 2022 को कृषि विज्ञान केन्द्र, हापुड का निरीक्षण एवं दिये गये सुझाव एवं निर्देश

1. कुलपति महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मृदा परीक्षण आकंडो का विश्लेषण किया जाये तथा कृषकों के उपयोग योग्य बनाया जाये।
2. कुलपति महोदय द्वारा पूछा गया कि गन्ने के फसल अवशेष प्रबन्धन पर कृषि विज्ञान केन्द्र की क्या आगे की रणनीती एवं भूमिका क्या है। साथ ही इस पर कार्य करने के लिये भी निर्देशित किया।
3. केन्द्र द्वारा विकसित हैचरी मॉडल का अवलोकन माननीय कुलपति जी द्वारा किया गया साथ ही इस मॉडल में तापमान नियंत्रण पद्वति पर चर्चा की गई ताकि मुर्गी उत्पादक कृषको को उपयोग करने में आसानी हो सके।
4. जनपद में शिशुओं, वयस्को एवं महिलाओं में विभिन्न पोषण माप दण्डो का आंकलन कर उनके अनुसार पोषण प्रबन्धन करने हेतु गृह वैज्ञानिक को निर्देशित किया गया।
5. माननीय कुलपति महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उन मापदण्डों को स्पष्ट किया जाये जिनके आधार पर प्राकृतिक, जैविक एवं परम्परागत खेती का तुलानात्मक अध्ययन किया जा रहा है।
6. माननीय कुलपति जी ने केन्द्र प्रक्षेत्र के भली प्रकार से समतलीकरण हेतु निर्देशित किया। निदेशक प्रसार द्वारा निर्देशित किया गया कि के0वी0के0 अमरोहा इस कार्य को पूर्ण कराने के लिये धन की उपलब्धता लोन के आधार पर कुछ वर्षो के लिये सुनिश्चित करेगा।
7. केन्द्र पर मधुमक्खी पालन इकाई एवं मशरूम उत्पादन इकाई स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि कृषकों को तकनीकी ज्ञान एवं आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।
8. केन्द्र के अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि केन्द्र की चार दीवारी निर्माण के लिये प्रस्ताव मुख्यालय भेजा जा चुका है।
9. माननीय कुलपति महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अजोला उत्पादन इकाई को केन्द्र के परिसर पर विकसित किया जाये और साथ ही कृषकों के लिये इसकी उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये।

प्रोफेसर के.के. सिंह जी

कृषि विज्ञान केन्द्र, बाबूगढ़, हापुड़

कृषि विज्ञान केन्द्र, बाबूगढ़-हापुड़